Research Unit
Press Information Bureau
Ministry of Information and Broadcasting
Government of India

मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के विकास में बढ़ोतरी

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत प्रदेश में सबसे बड़ा ग्रामीण सड़क नेटवर्क

जुलाई 27, 2023

"सरकार ने हर घर जल योजना पर 3.5 लाख करोड़ से ज्यादा खर्च करके गांवों में विकास के दरवाजे खोले हैं, पीएम आवास योजना पर लाखों करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, दशकों से अधूरी पड़ी सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, पीएम ग्रामीण सड़क अभियान पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।"

~प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भारत सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन रणनीति के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्कविहीन बस्तियों को संपर्क (कनेक्टिविटी) प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) आरंभ की गई है। योजना का शुभारम्भ क्रमशः तीन चरणों में वर्ष 2000, 2013 और 2019 में किया गया था। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2016 में 9 राज्यों में वामपंथी उग्रवाद से बुरी तरह से प्रभावित 44 जिलों और कुछ आसपास के जिलों में सड़क कनेक्टिविटी में सुधार के लिए पीएमजीएसवाई के तहत एक अलग वर्टिकल के रूप में, महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए सड़क कनेक्टिविटी परियोजना (आरसीपीएलडब्ल्यूईए) शुरू की गई थी। पीएमजीएसवाई के तहत हुई प्रगति इस प्रकार है।

data as on July 25, 2023

Value of Projects		Infrastructure	Feasible Habitation
Value of Projects	Total Expenditure	Number of LSB*	Sanctioned (no.)
₹350421 crore	₹304165 crore (87%)	8228	173486
		Number of Roads	Connected (no.)
		176306	172558 (99%)

*LSB - Long Span Bridges



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना: मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत उल्लेखनीय प्रगति करते हुए अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। इस प्रदेश ने सड़कों के व्यापक नेटवर्क के साथ 88,715 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण किया है। खास बात यह है कि पीएमजीएसवाई के अंतर्गत देश के समस्त राज्यों में निर्मित किये सड़क नेटवर्क में से यह अब तक का **सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है**। यह उपलब्धि (पीएमजीएसवाई) के तहत मध्य प्रदेश के निर्धारित 90,493 किलोमीटर सड़कों के निर्माण संबंधी 98% लक्ष्य को पूरा करती है व अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए राज्य के दृढ़ संकल्प को दर्शाती है।



यही नहीं, 1130 लॉन्ग स्पैन ब्रिज (एलएसबी) का निर्माण, जिससे दूरदराज के इलाकों में बेहतर कनेक्टिविटी संभव हो पाती है, और यह बुनियादी ढांचे और पहुंच में सुधार के प्रति राज्य की दृढ़ इच्छा शक्ति को दर्शाता है। रिहायशी क्षेत्रों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के मद्देनज़र इस प्रदेश ने यह भी सुनिश्चित किया है कि 19,121 समुदाय बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से लाभान्वित हों, जिससे ग्रामीणों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। **इस योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों से सम्बंधित अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें।**



मध्य प्रदेश में पीएमजीएसवाई का सफल कार्यान्वयन ग्रामीण और समावेशी विकास के प्रति राज्य सरकार की गंभीरता को दर्शाता है । मध्य प्रदेश ने पीएमजीएसवाई के तहत अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से, अन्य राज्यों के लिए एक अनुकरणीय मानक स्थापित किया है और सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने में बुनियादी ढांचे के विकास के महत्व पर जोर दिया गया है । इससे यह भी सुनिश्चित किया गया है कि समृद्ध और कनेक्टिंग भारत की यात्रा में कोई भी क्षेत्र पीछे न रहे।

References

- https://pmgsy.nic.in/
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1845369
- https://transformingindia.mygov.in/infographics/pradhan-mantri-gram-sadak-yojna-pmgsy/
- https://omms.nic.in/dbweb

एनआर/एचपी/एसपीएन/एसएस/आईएस